Title: Urged the Government to ask the WWF International for written appology regarding publishing the wrong map of India.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) : महोदय, मैं राट्रीय स्वाभिमान और सुरक्षा से जुड़ा हुआ सवाल सदन में उठाना चाहता हूं। मैंने पहले भी प्रधान मंत्री जी, गृह मंत्री जी और विदेश मंत्री जी का ध्यान WWF इन्टरनेशनल द्वारा भारत के गलत मानचित्र के प्रकाशन की ओर दिलाया था। मुझे यह बताने में बड़ा दुःख हो रहा है कि सरकार ने भी इस बात को स्वीकार किया है और WWF इन्टरनेशनल ने भी उस त्रुटि को स्वीकार किया है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं, जब WWF इन्टरनेशनल ने इस गलती को स्वीकार किया है, तो उन्हे लिखित रूप से खेद व्यक्त करना चाहिए कि उन्होंने भारत का गलत नक्शा प्र काशित किया है और उसके स्थान पर ठीक नक्शा प्रकाशित करना चाहिए। इसी कारण WWF इन्टरनेशनल के भारत के महानिदेशक को पद से हटाया गया और उनके स्थान पर जिस व्यक्ति की नियुक्ति की गई है, वह देश का रहने वाला नहीं है। मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं, सदन में माननीय जोशी जी उपस्थित हैं, कि सरकार इस बात को गम्भीरता से लेकर उनसे खेद व्यक्त करवाये। इसके साथ ही WWF इन्टरनेशनल का यहां जो पुनर्गठन है, संगठन है, उसमें हस्तक्षेप करे। यही मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं।

MR. SPEAKER: Shri Rajiv Pratap Rudy, you can talk about this matter during the Discussion on the Demands for Supplementary Grants of Railways.